द्विवर्षीय डी०एल०एड० प्रशिक्षण प्रवेश परीक्षा 2021–22 में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग काउंसिलिंग के पश्चात् प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल द्वारा दिनांक 20 मई 2023 को आयोजित डी०एल०एड० प्रवेश परीक्षा 2021–22 का परीक्षाफल अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर घोषित किया गया है। राज्य स्तरीय काउंसिलिंग के पश्चात् जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण हेतु जनपद/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आबंटित किया गया है। अभ्यर्थियों को प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को आबंटित जनपद में द्विवर्षीय डी०एल०एड० प्रशिक्षण में प्रवेश संबंधी दिशा–निर्देश निम्नवत हैं–

1. द्विवर्षीय डी०एल०एड० 2021–22 के प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 से 10 नवम्बर, 2023 तक समस्त जनपदों के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सम्पादित की जाएगी। दिनांक 01 जनवरी, 2024 से डी०एल०एड० प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं विधिवत संचालित की जाएगी।
2. अभ्यर्थी आबंटित जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु उक्त तिथि में अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा तथा उसका प्रवेश हेतु कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
3. प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षिक अर्हता एवं अन्य (आरक्षण संबंधी) से संबंधित समस्त प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति तथा दो–दो छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित, दो नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ एवं उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की विज्ञप्ति में उल्लिखित शैक्षिक अर्हता एवं अन्य से संबंधित समस्त प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करने होंगे, जिनका विवरण निम्नवत् है–

क्र०सं०	अभिलेख
1	1. हाईस्कूल परीक्षा का अंकपत्र । 2. हाईस्कूल परीक्षा का प्रमाण–पत्र। 3. इण्टर परीक्षा का अंकपत्र। 4. इण्टर परीक्षा का प्रमाण–पत्र। 5. स्नातक परीक्षा के प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर परीक्षा के अंकपत्र। 6. स्नातक परीक्षा का प्रमाण–पत्र।

2	1. SC/ST/OBC/EWS के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र।
3	1. DFF/PH/Ex.Sol./ ORPHAN के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र।
4	1. उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल की विज्ञप्ति संख्या उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0– 2021) / विज्ञप्ति 01 / 02 / 2022–23, दिनाँक 06 अप्रैल 2022 के अनुसार एवं विवरणिका के अनुसार वांछनीय प्रमाणपत्र। (क) स्थाई निवास अथवा मूल निवास प्रमाणपत्र। (ख) नियोक्ता द्वारा जारी (अभिभावक / स्वयं का) सेवा / कार्यरत होने का प्रमाणपत्र (प्रमाणपत्र का प्रारूप संलग्न है)
5	1. डी॰एल॰एड॰ प्रवेश परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र । 2. आधार कार्ड अथवा कोई अन्य फोटो युक्त वैध आई॰डी॰।
6	1. दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ।

4. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रमाण–पत्र सत्यापन होने तक सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश औपबन्धिक माना जाएगा।
5. अभ्यर्थी प्रवेश के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निर्गत स्वस्थता प्रमाण–पत्र तथा अंतिम संस्था से प्राप्त किया गया चरित्र प्रमाण–पत्र व अन्य दो राजपत्रित अधिकारियों से प्राप्त नवीनतम चरित्र प्रमाण–पत्र जो छः माह से अधिक पुराने न हों, प्रस्तुत करेंगे। इस आशय का प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत करेंगे कि अभ्यर्थी पर वर्तमान में मा॰ न्यायालय में कोई वाद योजित नहीं है।
6. प्रवेश के समय अभ्यर्थी प्रथम वर्ष का शुल्क रु॰ 35,000.00 (पैंतीस हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट संबंधित **प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान** के पदनाम से जमा करेंगे।
7. जिन अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण हेतु जनपद चम्पावत आबंटित किया गया है, वे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिथौरागढ़ में प्रवेश हेतु उपस्थित होंगे।

अपर निदेशक
एस॰सी॰ई॰आर॰टी॰ उत्तराखण्ड
देहरादून